Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding stoppage of trains at various railway stations in Hoshangabad Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद, मध्य प्रदेश में रेलवे से संबंधित निम्नलिखित महत्वपूर्ण मुख्य विषय की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं।

कोरोना काल के पूर्व खिरकिया सहित आसपास के सभी रेलवे स्टेशनों पर नागपुर-भुसावल सुपरफास्ट ट्रेन का स्टापेज था, लेकिन कोविड के बाद एवं क्षेत्रीय जनों की लगातार मांग करने के बाद भी अब तक इसका पुन: आवागमन शुरू नहीं किया गया।

22191/22192 जबलपुर-इंदौर ओवरनाइट एक्सप्रेस का स्टापेज करेली स्टेशन पर किए जाने के संबंध में अनुरोध है।

11071/11072 कामायनी एक्सप्रेस का स्टापेज (बनापुरा) सिवनी मालवा स्टेशन पर किए जाने के संबंध में।

11273/11274 इटारसी से कटनी शटल एक्सप्रेस को कोविड काल में बंद कर दिया है, जिसे इटारसी से पुन: प्रारम्भ किए जाने के संबंध में अनुरोध है।